Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 19-12-2006

Participants : Mehta Shri Alok Kumar

>

Title: Need to reconstruct the Government quarters situated on BKS Marg, New Delhi in view of their dilapidated condition.

श्री आलोक कुमार मेहता (समस्तीपुर) **:** महोदय, संसद भवन के परिसर के बगल में स्थित बी.के.एस **मार्ग** पर केन्द्रीय लोक निर्माण के भवनों (संख्या 1 से 33) के 1138 सरकारी भवन जर्जर स्थिति में पहुंच गए हैं। उनमें से कई के ढहने और गिरने की आशंका बताई जा रही है। इन भवनों को तोड़कर नए भवन को बनाए जाने की आवश्यकता महसूस हो रही है, जिसमें नये ओवर हेड टैंक, सेनिटेशन एवं सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम हो। साथ ही इस तरह के जितने भी भवन हैं उनका सर्वे कराकर उनकी सूची बनाकर, खास तौर से जिन भवनों का अनुमानित जीवन समाप्त हो चुका है, उनका पुनर्निर्माण भूकम्प रोधी तकनीकी का उपयोग करते हुए कराया जाये। ऐसी सरकार से हमारी मांग है।